युद्ध स्तर पर नगर निगम द्वारा कराया जा नालों की साफ सफ़ाई का कार्य

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त संतोष कुमार षर्मा के निर्देषानुसार कोविड.19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्धस्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज रामनगर कॉलोनी एवं एस०पी० ऑफिस के सामने बैंक ऑफ बडौदा के पास बने नाले नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक पवन कुमारएकी निगरानी में बाडुजई प्रथम में ईदगाह रोड पर नाले से निकले मलवे को हटवाये जाने का कार्य सफाई निरीक्षक हरवंष कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक राजकुमार, सफाई जोन.3 में आनन्दपुरम कॉलोनी के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजमगंल तथा सफाई जोन.4 में बरेली मोड़ से नवादा इन्देपुर तक बने नाले, काशीराम कॉलोनी से अजीजगजं डैम तक बने नाले एवं अजीजगजं में बाल्मीकी बस्ती में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक रामबाबू की देख रेख में कराया जा रहा है। सफाई जोन.5 के ग्रीन वैली स्कूल से हनुमतधाम के नये पुल तक बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में डीप ड्रेन छोटे नालों की सफाई भी कराई जा रही है। इसके साथ ही नगर आयुक्त के निर्देष पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ० ओ०पी० गौतम द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को कोरोना कोविड.19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराये जाने हेतु निर्देषित किया गया। नगर आयुक्त संतोश कुमार षर्मा के निर्देष पर सहायक नगर आयुक्त रष्मि भारती द्वारा आज नगर क्षेत्र आनन्दपुरम कॉलोनी में बने नाले की हो रही सफाई के कार्य का निरीक्षण किया गया।